an>

Title: Need to set up a hospital with modern health care facilities in Jhunjhunu district, Rajasthan.

श्रीमती संतोष अहलावत (झुंझुनू): राजस्थान के झुंझुनू जिले में चिकित्सकीय सुविधाओं का घोर अभाव है। झुंझुनू में जो अस्पताल या डिस्पेंसरी हैं, उनमें कर्मचारियों तथा डॉक्टरों की कमी है। अस्पतालों में आधुनिक यंत्र तथा ऑपरेशन थिएटर नहीं हैं। आस-पास कोई भी बड़ा अस्पताल या ट्रामा सेंटर नहीं होने के कारण यहां के लोगों को इलाज के लिए दिल्ली या जयपुर जाना पड़ता है जिससे लोगों को दूरी के कारण काफी परेशानी होती है। कई बार आकस्मिक दुर्घटना होने पर चिकित्सा के अभाव में लोगों की मृत्यु भी हो जाती है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि झुंझुनू जिला, राजस्थान में केन्द्र द्वारा वित्तपोषित एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल स्थापित किया जाए।